महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड 70 हूडको में सियान सदन को जल्द ही तैयार करने किया निर्देशित

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर देवेंद्र यादव ने आज प्रातः 10ः00 बजे से 2ः00 बजे तक जोन 01 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 70 हूडको क्षेत्र में दौरा किया श्री यादव के दौरा कार्यक्रम में गणेश मंदिर, श्रीराम चौक, मिलन चौक, ए मार्केट, बी मार्केट, एलआईजी, का भ्रमण किया गया। महापौर देवेन्द्र यादव के द्वारा लगातार वार्डों में भ्रमण किया जा रहा है गत् दिवस रविवार को भी वार्ड 30 बालाजी नगर, शिवाजी लाईन, नेपाली मोहल्ला, यादव मोहल्ला, नकम्मा मोहल्ला, स्ट्रीट 50 से 54 व वार्ड 31 में उड़िया मोहल्ला, मिनीमाता चौक, नंदगईया पारा, का भ्रमण किया गया था, जहां पर श्री यादव का जगह-जगह सम्मान किया गया। आज हूडको दौरा में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का जगह-जगह पुष्पगुच्छ, पुष्पमाला से स्वागत किया गया श्री यादव सभी का अभिवादन स्वीकार करते व मिलते हुए आभार व्यक्त करते रहे।विभिन्न स्थानों पर श्री यादव को पानी, सफाई एवं अन्य संबंध में वार्ड वासियों के द्वारा अवगत कराया गया जिसके निराकरण करने हेतु तत्काल जोन आयुक्त संजय बागड़े को स्थल पर ही निर्देश दिए , तथा वार्ड के नागरिकों के मांग पर सियान सदन को एक सप्ताह के भीतर तैयार करने के निर्देश मौके पर ही दिये। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के दौरे के समय वार्ड 70 हूडको की पूर्व पार्षद सीजू एन्थोनी, जोन आयुक्त संजय बागड़े , सहायक अभियंता सुनील दुबे , उप अभियंता श्वेता माहेश्वर एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे।